## महत्वपूर्ण एवं खास

### भालू के हमले से वृद्ध घायल

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** बारसूर क्षेत्र के नयापारा में लकड़ी बीनने जंगल गए 70 वर्षीय वृद्ध पर भालू ने हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे उपचार के लिए बारसूर सीएचसी लाया गया जहां से बेहतर उपचार के लिए मेकाज भेजा गया। बताया गया कि ग्रामीण लकड़ी लेने जंगल गया था। इस बीच एक भालू ने उस पर हमला कर दिया जिससे उसके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई। उसे लहुलुहान हालत में देखकर ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंचाया।

### फेसबुक पर डाला अश्लील वीडियो, गिरफ्तार

**धमतरी (आरएनएस)।** थाना भखारा पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार प्रार्थिया के नाम से फेसबुक बनाकर अश्लील फोटो, विडियो करता था अपलोड। प्रार्थीया की रिपोर्ट पर घटना दिनांक 05-10-19 को जिसकी रिपोर्ट दिनांक 25-05-19 को दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी प्रार्थी के नाम के फेसबुक बनाकर अश्लील फोटो एवं वीडियो अपलोड कर वायरल करता था। पुलिस अधीक्षक धमतरी बालाजी राव द्वारा थाना प्रभारी भखारा एवं तकनीकी सेल को निर्देश दिया गया । आरोपी की पता तलाश किया गया,जिसके आरोपी पितांबर ध्रुव पिता शेष नारायण ध्रुव उम्र 25 वर्ष साकिन ग्राम पचेड़ा थाना अभनपुर को आज दिनांक 12-10-19 को गिरफ्तार कर थाना भखारा के अपराध क्र. 105/19 धारा 509(ख) 67 आई टी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपी को पकड़ने में टी.आई भावेश गौतम ,उपनिरी उत्तम सोरी,प्रधान आर. जगदीश सोनवानी आर गजेन्द्र टंडन का सराहनीय योगदान रहा।

### सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा गम्भीर

**बिलासपुर (आरएनएस)।** छठी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपनी बाईक से वापस घर जा रहे चार युवकों से वाहन अनियंत्रित हो गया, जिससे वे सभी गिर गए, इस दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, और 3 घायल हो गए पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में ले लिया है। पुलिस के अनुसार तखतपुर थाना अंतर्गत ग्राम जरौंधा में गुरूवार को छठी कार्यक्रम था, छठी कार्यक्रम संपन्न होने के बाद शुकवार सुबह लगभग 10 बजे सोल्ड अपाचे वाहन मे हरदी निवासी तरुण बघेल, नर्गिस मेहर, नरेंद्र कुमार मेहर निवासी ठाकुरकापा एवं एक अन्य साथी वापस लौट रहे थे, वे ठाकुरकापा मोड़ के पास पहुंचे थे, तभी उनकी बाईक अनियंत्रित होकर गई खंभे से जा टकराई, और चारों युवक गिर गए। दुर्घटना में नरेंद्र कुमार मेहर की मौके पर ही मृत्यु हो गई, और तरुण बघेल व नर्गिस मेहर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका एक साथी उन्हें तड़पता छोड़ मौके से भाग गया। ग्रामीणों ने घायलों को 112 के जरिये उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट पर तखतपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

### अब हाट-बाजारों में नहीं बिकेंगी बेशकीमती जड़ी-बूटयां

**कोंडागांव (आरएनएस)।** कोंडागांव यूं तो अनमोल प्राकृतिक जड़ी-बुटियों की संपदा से परिपूर्ण जिला है। इन्हीं जड़ी-बूटियों की धरोहर को सहेजने एवं उन्हें विलुप्त होने से बचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पहली बार बड़ा कदम उठाया गया है। जिले की विलुप्त हो रही जड़ी-बूटियों जैसे भुई भेलवा जड़ी, चिनहुर जड़ी, अन्नत मूल, सर्पगंधा, मैदाछाल, सतावरी, पैंग, ज्योतिषमति फल, कोरियाछाल, रसना जैसी विभिन्न प्रकार की औषधि पौधों को कथित बिचौलियों एवं व्यापारियों द्वारा खनन करके अथवा मंगाकर खरीदा जा रहा है, फलस्वरूप इन पौधों के अंधाधुंध दोहन से इनका अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। इसे देखते हुए कलेक्टर नीलकंठ टीकाम द्वारा प्रतिबंधात्क आदेश जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार 10 अक्टूबर से कोंडागांव जिले के किसी भी हाट बाजार में उपरोक्त औषधियों का क्रय-विक्रय नहीं किया जा सकेगा।

# ऑन लाइन टिकट बुकिंग दौरान 1 लाख 60 हजार रुपए खाते से पार

**» मोबाईल फोन पर आए लिंक को फार्वर्ड करते ही खाते से दो बार में 80-80 हजार रुपये कटे**

**रायपुर (आरएनएस)।** ऑन लाइन मोबाईल फोन से बस की टिकट बुक करने के दौरान युवक के खाते से 1 लाख 60 हजार रुपये ट्रांजेक्शन कर धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट गुढ़ियारी थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार नया मंगल बाजार गुढ़ियारी निवासी गोविंदा कुमार देवांगन 23 वर्ष पिता छोटे लाल देवांगन ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी का गुढियारी में विजय कम्प्युटर के नाम से कम्प्युटर सेंटर चलाता है11अक्टूबर को नितिन गुप्ता पिता किशन चंद गुप्ता पता श्याम सुन्दरं काम्प्लेक्शं महावीर स्कूल रोड थाना गुढियारी मोबाईल नं0

87709××××× से काल किया उसने काल करके कहा आन लाईन बस टिकट कांकेर रोडवेज टवेल्स् में भुनेश्वर से रायपुर बुक करना है तत पश्चात वह अपना काल करके कहा कि आप टिकट बुक मत किजिये आपको एक नम्बरं से काल आयेगा और उसमें से 20/- रूपये बीस रूपये कटेगा और टिकट बुक होने के बाद व्हाटसप कर दुगां कहा उसके बाद मेरे मो0नं0 83199××××× पर मोबाईल नं0 89278××××× से काल आया जिस पर सामने वाले ने कहा कि एक एस एम एस आयेगा उसको 92230××××× फारवड करने को कहा मैने उस एस एम एस जिसमें मैने 92123××××× में फारवर्ड किया। उसके बाद मेरे नम्बंर में 03-52 बजे पर लिंक आया आरोपी के कहने पर ओपन कर दिया। उसके बाद मोबाइल नंबर 89278××××× से काल कर लाईन में बने रहने को कह तुम्हारा टिकट बुक हो रहा है जिस पर कुछ मिनट इंतजार करने के बाद आरोपी पर शक होने पर काल काटकर अपना एकाउन्टं चेक किया तब पता चला की एकाउन्टं खाता नं0 5020002××××× बैंक एच डी एफ सी से 80,000/- अस्सी हजार रूपये तथा खाता नं0 33511××××× बैंक स्टेट बैंक आफइंडिया से 80,000/- अस्सी हजार रूपये कुल 1 लाख 60 हजार रुपये खाते से निकाल लिया। आरोपी को काल करने पर उसका नंबर कवरेज क्षेत्र से बाहर बता रहा है।

## स्टार प्रचारकों की सूची से पूर्व सीएम डा. रमन सिंह हुए बाहर, सरोज पाण्डेय का नाम शामिल

**रायपुर अक्टूबर (आरएनएस)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। भाजपा की यह सूची काफी चौंकाने वाली है।

सूत्रों ने बताया कि इस सूची में छत्तीसगढ़ से तीन बार मुख्यमंत्री रहे चुके डा. रमन सिंह का नाम काट दिया गया है। भाजपा की ओर से जारी 40 स्टार प्रचारकों की सूची में पूरे छत्तीसगढ़ से केवल सरोज पाण्डेय का नाम शामिल किया गया है। स्टार प्रचारकों की सूची में पहले नंबर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम है। पीएम मोदी के बाद दूसरे नंबर पर केन्द्र की सरकार में भी नंबर दो माने जाने वाले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष्ज्ञ अमित शाह का नाम हैं, वहीं इस लिस्ट में सरोज पांडेय का नाम 13वें पायदान पर रखा गया है। इधर भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची जारी होने तथा पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह का नाम काटे जाने के बाद से ही तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

## प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने लगाया फांसी, पति के खिलाफ अपराध कायम

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के मामले में पुसिल ने ससुरालियों के खिलाफ गुढ़ियारी थाने में अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कर्मा चौक सुदामा नगर गुढ़ियारी में 4 जुलाई को आकांक्षा मिश्रा 19 वर्ष पति शिव मिश्रा ने ससुराल में दहेज को लेकर आए दिन के शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। आरोपी शादी के

बाद रीवां मध्यप्रदेश से आकर गुढ़ियारी में किराये के मकान में अपनी पत्नी के साथ रह रहा था। इसी दौरान आए दिन के प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने आत्म हत्या कर लिया था। उसके बाद से ही आरोपी अपने गृहग्राम रीवां मध्यप्रदेश रवाना हो गया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच के बाद पति शिव मिश्रा 19 वर्ष पिता विश्वनाथ मिश्रा के खिलाफ धारा 306, 498ए के तहत घरेलू हिंसा व दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करने में जुटी है।

## 420 के दो आरोपी को किया गिरफ्तार

**धमतरी (आरएनएस)।** नगरी के अपराध क्रमांक 83/2019 धारा 420,34 आई.पी.सी. के मामले में आरोपी महेंद्र कुमार नेताम पिता गणेश राम नेताम उम्र 34 वर्ष एवं विजय कुमार नेताम पिता सोमनाथ नेताम उम्र 30 वर्ष दोनों निवासी ग्राम गेदरा थाना दुगली जिला धमतरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय जेएमएफसी धमतरी में पेश कर रिमांड लिया गया है दिनांक 11 अक्टूबर 2019 को प्रार्थी झाड़ूराम मरकाम पिता धनराज मरकाम उम्र 36 वर्ष ग्राम गेदरा थाना दुगली जिला धमतरी द्वारा थाना नगरी उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया था, कि उसके नगरी देना बैंक खाते से लगातार कोई अज्ञात व्यक्ति जमा रकम का आहरण कर रहा है ।

पुलिस अधीक्षक धमतरी बालाजी राव इस संबंध में तत्काल थाना प्रभारी नगरी को निर्देशित किया गया। थाना नगरी द्वारा देना बैंक शाखा नगरी में जाकर सीसीटीवी एवं पासबुक वगैरह चेक कर देखा गया जिसमें उपरोक्त आरोपी गणों द्वारा फर्जी तरीके से प्रार्थी के एवं गांव के अन्य लोगों का पैसा बैंक में फर्जी पास बुक बनाकर फर्जी तरीके से निकालते थे उपरोक्त आरोपी विजय कुमार नेताम पूर्व में गांव में रोजगार सहायक तथा महेंद्र कुमार नेताम पूर्व में गांव में मेट का काम करते थे इसी कारण उन्हें प्रार्थी व अन्य लोगों

के बैंक नंबर वह पासबुक के संबंध में जानकारी था उक्त आरोपी गणों द्वारा बैंक से फर्जी तरीके से पैसा निकालना स्वीकार किया है आज दिनांक को गिरफ्तार कर माननीय सीजीएम न्यायालय धमतरी में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। जिसमें उपनिरीक्षक नाग प्रधान आरक्षक शेखर सिन्हा आरक्षक कमलेश हेमलाल ध्रुव एवं आरक्षक गौकरण ध्रुव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पैसे और प्रशासन के बल पर चुनाव जीतती है कांग्रेस : अमित जोगी

**जगदलपुर (आरएनएस)।** चित्रकोट उपचुनाव में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष अमित जोगी चित्रकोट चुनाव प्रचार में पहुंचे, यहाँ पंहुचते ही अमित जोगी ने पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक ली। लोहंडीगुड़ा ब्लॉक व तोकापाल ब्लॉक के स्थानी कार्यालय में ब्लॉक-वार सेक्टर प्रभारियों की बैठक लेने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि दंतेवाड़ा उपचुनाव में कांग्रेस की सरकार ने चुनाव जीतने के लिए हर हतकंडे अपनाएं हैं, पैसे व प्रशासन के बल पर कांग्रेस पार्टी ने चुनाव जीता है। वहीं प्रयास कांग्रेस चित्रकोट में भी कर रही है, किन्तु चित्रकोट चुनाव में स्वयं मैं चुनावी प्रचार संभालूँगा व पार्टी के बड़े नेता प्रचार में आयेंगे।

आवश्यकता है
CAREER SCHOOL
अंग्रेजी माध्यम (English Medium) में कक्षा 8 वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए
गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक
अभ्यार्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।
CAREER SCHOOL
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरने एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में तत्पर सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL
HINDI ENGLISH MEDIUM SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
Topper Students Last Session
Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....
Join CAREER...
CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090